इतनी करदे कृपा श्याम सुन्दर,
तेरे चरणों में जीवन बिताए,
हम रहे इस जगत में कहीं भी,
तेरी चौखट को ना भूल पाए।।

तर्ज इतनी शक्ति हमें देना दाता

इतने कमजोर है हम कन्हैया,
जोर कुछ भी चले ना हमारा,
ऐसी हालत में इतना तो सोचो,
हमको कैसे मिलेगा किनारा,
करदे ऐसा जतन श्याम प्यारे,
तेरी किरपा का वरदान पाए,
हम रहे इस जगत में कहीं भी,
तेरी चौखट को ना भूल पाए,
इतनी करदे कृपा श्याम सुन्दर,
तेरे चरणों में जीवन बिताए।।

अपनी नजरो से प्रभु ना गिराना,
नेक राहो पे हमको चलाना,
दिन बंधू दया का खजाना,
बेबसों पे हमेशा लुटाना,
हम तो जैसे भी है तुम्हारे,
आज दर पे खड़े सर झुकाये,
हम रहे इस जगत में कहीं भी,

तेरी चौखट को ना भूल पाए,
इतनी करदे कृपा श्याम सुन्दर,
तेरे चरणों में जीवन बिताए।।

प्रेम बंधन में यूँ हमको बांधो,
डोर बंधन की टूटे कभी ना,
अपनी पायल का घुंगरू बना लो,
दास चरणों से छूटे कभी ना,
अपने चरणों से ऐसे लगा लो,
तेरे चरणों का गुणगान गाए,
हम रहे इस जगत में कहीं भी,
तेरी चौखट को ना भूल पाए,
इतनी करदे कृपा श्याम सुन्दर,
तेरे चरणों में जीवन बिताए।।

श्याम दरबार तेरा निराला,
तुमने दिनों को हरपल संभाला,
अपने किरपा से हमको नवाजो,
हमने दर पे तेरे डेरा डाला,
नंदू भक्तो के रक्षक कन्हैया,
अपने भक्तो के जीवन सजाये,
हम रहे इस जगत में कहीं भी,
तेरी चौखट को ना भूल पाए,
इतनी करदे कृपा श्याम सुन्दर,
तेरे चरणों में जीवन बिताए।।

इतनी करदे कृपा श्याम सुन्दर,
तेरे चरणों में जीवन बिताए,

हम रहे इस जगत में कही भी,
तेरी चौखट को ना भूल पाए।।

Source: https://www.bharattemples.com/itni-karde-kripa-shyam-sundar/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw